# एक क्लिक पर महाधिवक्ता कार्यालय की सूचना मिलेगी



सोमवार को महाधिवक्ता कार्यालय की वेबसाइट लॉन्च करते महाधिवक्ता पीके शाही। साथ में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह व अन्य।

**पटना, विधि संवाददाता।** महाधिवक्ता कार्यालय से संबंधित सभी सूचनाएं अब एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेंगी। सोमवार को महाधिवक्ता पीके शाही ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के सचिव अभय कुमार सिंह की उपस्थिति में महाधिवक्ता कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपर महाधिवक्ता अंजनी कुमार सहित पीके वर्मा, एस रजा, योगेंद्र प्रसाद सिन्हा, सर्वेश कुमार सिंह, सरकारी वकील अजय किंकर कुमार, कुमार मनीष, विकास कुमार, नदीम सिराज, सुनील कुमार मंडल, खुर्शीद आलम के अलावा कई सरकारी वकील उपस्थित थे। वेबसाइट को क्लिक करने के बाद महाधिवक्ता ने कहा कि अब महाधिवक्ता कार्यालय से जुड़ी सभी जानकारी इसपर उपलब्ध होगी। जल्द ही इस वेबसाइट को हाईकोर्ट की वेबसाइट से लिंक करने की कार्रवाई की जायेगी।